जय हनुमान | by Ashok Shauq

जय हनुमान जय हनुमान
जय हनुमान जय हनुमान
ह्रदय में बसते जिनके राम
राम नाम इनको अति प्यारा
बसते केवल सीताराम
जय हनुमान ....

सूर्य का भक्षण कर डाला
अजर अमर सबको धो डाला
लंका दहन कर किया अचंभित
सीता माँ को कर प्रणाम
जय हनुमान ....

शनि भीम का गर्व था तोडा
असुर बड़ो को तोडा मरोड़ा
लाये संजीवनी लखन जिवाये
रघुवर के आये थे काम
जय हनुमान ....

भूत प्रेत कोई निकट ना आवे
महावीर जब नाम ध्यावे
रूद्र के अवतार हैं बाला
कर दे सबका काम तमाम
जय हनुमान ....

संकट मोचन नाम तुम्हारा
सालासर में धाम प्यारा
राम से ज्यादा मंदिर जग में
शौक़ करे तुमको प्रणाम
जय हनुमान ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-ashok-shauq/